1981, it was stated on behalf of India that the country was a producer and exporter of iron ore and was in a position to supply the ore to Nigeria for her steel plants. Nigeria took note of Indian interest. The Government of India has not entered into any bilateral agreement with Nigeria so far.

उत्तर प्रदेश में पोस्त की खेती के लिए लाइसेंस दिया जाना

2876. **श्री शिव शरण वर्मा** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में जिलावार ऐसे किसानों की संख्या कितनी है जिन्हें वर्ष 1970-71 से 1979-80 के दौरान पोस्त की खेती के लिए लाइसेंस दिया गया था और कितनी क्षेत्रफल भूमि के लिए लाइसेंस जारी किए गए थे ;

(ख) पोस्त के उत्पादकों की संख्या में कमी होने के क्या कारण हैं और इन वर्षों में वर्षवार, पोस्त की खेती कितनी क्षेत्रफल भूमि में की गई ;

(ग) क्या सभी जिलों में समान क्षेत्रों के लिए पोस्त की खेती करने के लिए लाइसेंस नहीं दिए गए थे और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) आवेदन करने वाले सभी व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करने में क्या कठिनाई है ;

(ङ) क्या पिछले अनेक वर्षों के दौरान संबंस्त की खेती को बहुत नुकसान पहुंचा है और पोधित अधिकारियों ने इस नुकसान का आकलन बहुत विलम्ब से किया है ; और

(च) क्या नुकसान के बारे में राजस्व विभाग को रिपोर्ट अस्वीकृत कर दी गई थी और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) : (क) मांगी गई सूचना संलग्न विवरण में दी गई है ।

(ख) वर्ष 1978-79 और 1979-80 के दौरान पोस्त की काश्त के रकबे तथा लाइसेंसशुदा काश्तकारों की संख्या को कम करने का मुख्य कारण अफीम के निर्यात में आई गिरावट और सरकार के पास अफीम का बहुत बड़ा भंडार जमा हो जाना था ।

(ग) पोस्त की काश्त हेतु लाइसेंस, संगत वर्ष के लिए बनाए गए लाइसेंस जारी करने सम्बन्धी सिद्धान्तों के अनुसार जारी किये जाते हैं । ये लाइसेंस सभी जिलों में एक ही जैसे रकबे के लिए नहीं दिये जाते हैं ।

(घ) पिछले तीन सालों के दौरान पोस्त की काश्त के क्षेत्र को कम कर दिये जाने के कारण, पोस्त की काश्त हेतु लाइसेंस उन सभी काश्तकारों को नहीं दिये जाते हैं जो उसके लिए आवेदन करते हैं ।

(ङ) सरकार को मिली रिपोर्टों से यह पता चला है कि फसल वर्ष 1977-78, 1979-80 और 1980-81 के दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में पोस्त की फसल को वर्षा और ओला-वृष्टि से क्षति पहुंची थी । परन्तु फसल को हुई क्षति का अन्दाजा लगाने में कोई अनावश्यक विलम्ब नहीं हुआ था ।

(च) जी, हां । नारकोटिक्स विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों के काश्तकारों को राहत पहुंचाने के प्रयोजन से, उक्त क्षति का अनुमान लगाने के लिए विस्तार से अध्ययन किया था ।

विवरण

वर्ष	फैजाबाद		गाजीपुर		आजमगढ़		बस्ती		गोंडा		बाराबंकी	
	काश्तकारों की सं०	लाइसेंस शुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंस शुदा रकबा	काश्तकारों की संख्या	लाइसेंस शुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंस शुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंस शुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंस शुदा रकबा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1970-71	6673	852.15	3806	601.75	1728	209.50	2039	223.95	1632	152.40	3989	70005.66
1971-72	3384	456.42	3531	575.93	2195	284.23	453	42.83	547	45.01	32490	5650.50
1972-73	2438	358.28	2434	385.85	2430	162.07	—	—	—	—	30018	5787.75
1973-74	4434	581.37	2763	432.50	539	71.96	—	—	—	—	42244	7949.39
1974-75	4041	543.64	2857	457.75	494	68.94	—	—	—	—	38723	7337.10
1975-76	4921	609.85	1310	234.69	1048	119.80	—	—	—	—	34827	7132.83
1976-77	3226	482.95	936	226.25	1969	142.25	668	82.95	1495	154.48	36621	7584.20
1977-78	4128	549.80	1644	270.80	1305	118.20	812	87.30	1488	152.25	38436	8773.95
1978-79	2802	365.80	1323	205.55	443	55.25	—	—	—	—	34070	7074.75
1979-80	2101	280.10	998	150.60	192	25.25	—	—	—	—	29928	5882.55

उत्तर प्रदेश में वर्ष 1970-71 से 1979-80 तक के दौरान काश्तकारों की वर्षवार संख्या और हेक्टेयर में निर्धारित रकबा दर्शाने वाला विवरण-पत्र

वर्ष	लखनऊ		रायबरेली		शाहजहांपुर		बरेली		बदायूं	
	काश्तकारों की सं०	लाइसेंसशुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंसशुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंसशुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंसशुदा रकबा	काश्तकारों की सं०	लाइसेंसशुदा रकबा
1970-71 . . .	1166	277.25	1224	195.45	—	—	—	—	—	—
1971-72 . . .	2818	521.45	2426	390.00	2648	378.65	17281	3260.58	—	—
1972-73 . . .	1620	314.95	793	147.40	4125	552.80	15358	2477.75	—	—
1973-74 . . .	3552	521.30	1578	271.00	9271	1142.60	23449	3534.26	—	—
1974-75 . . .	3041	548.50	973	175.75	8238	1034.94	17149	2930.93	—	—
1975-76 . . .	3811	729.75	1151	200.25	8014	1218.70	15543	3305.12	11825	2133.49
1976-77 . . .	3719	781.80	1073	192.75	6570	1287.84	12445	3541.63	15161	2657.69
1977-78 . . .	4201	1055.60	1118	194.60	7891	1615.11	13252	3999.98	13579	3218.80
1978-79 . . .	3727	329.35	941	150.50	4975	914.10	12794	3197.20	9685	2179.77
1979-80 . . .	2750	566.20	778	122.80	4106	753.20	10393	2393.60	7853	1697.60